**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 27.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- नागर विमानन महानिदेशालय की जांच समिति ने इंडिगो की उड़ानों में आए व्यवधान पर रिपोर्ट सौंपी।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने इकतीस दिसम्बर को MV स्वराज द्वीप पर नए साल की पूर्व संध्या मनाने के लिए एक विशेष यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया है।
- अंडमान और निकोबार द्वीप बैडमिंटन एसोसिएशन श्री विजया पुरम में स्टेट बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। वे कल भी सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। शुक्रवार से आरंभ तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री के सहकारी संघवाद के दृष्टिकोण पर आधारित यह सम्मेलन केंद्र और राज्य को एक मंच पर लाकर, देश की मानव पूंजी क्षमता और समावेशिता को बढ़ाने तथा भविष्य में विकास की गति तेज करने के लिए एकीकृत रोडमैप तैयार करेगा। इस सम्मेलन में 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' विषय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और रणनीतियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान पांच प्रमुख क्षेत्रों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

सम्मेलन में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र–विशेषज्ञ भी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उनतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार और प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह कार्यक्रम सीधा प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण होगा

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में सातवें स्थान से तीसरी सबसे बड़ी श्रेणी बनकर उभरा है। श्री वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निर्माता देश बताया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत का आगे बढ़ना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यापक इकोसिस्टम विकसित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इस योजना से पिछले 5 वर्षों में एक लाख 30 हजार से अधिक रोजगार सृजित हुए हैं। इससे इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में विनिर्माण, रोजगार और निर्यात को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा भी मिला है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार अब मॉड्यूल, घटकों, उप–मॉड्यूल, कच्चे माल और विनिर्माण मशीनरी के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

<><><><><><><>

नागर विमानन महानिदेशालय – डीजीसीए के संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्राह्मणे की अध्यक्षता में जांच समिति ने इंडिगो उड़ानों के परिचालन में बाधाओं पर रिपोर्ट सौंप दी है।

देश में बड़े पैमाने पर उड़ानों में व्यवधान के कारणों की व्यापक समीक्षा और आकलन करने के लिए 5 दिसंबर को इस समिति का गठन किया गया था। चार सदस्यीय समिति ने कल शाम रिपोर्ट सौंपी। डीजीसीए ने इंडिगो की मानव संसाधन नियोजन की पर्याप्तता, अस्थिर रोस्टरिंग प्रणालियों और कार्यान्वयन तैयारियों का आकलन करने के लिए यह समिति गठित की थी।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय अक्टूबर 2025 से श्री विजया पुरम से बैरन द्वीप तक राउंड–ट्रिप क्रूज चला रहा है। यह सेवा पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रियों को भारतीय उपमहाद्वीप के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी बैरन द्वीप को देखने का एक अनोखा अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। MV नालंदा की आगामी यात्रा के साथ ही नौ और 23 जनवरी 2026 को पहले से घोषित यात्राओं के अलावा, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने सरकारी स्कूल के छात्रों और कार निकोबार से कैंपबेल बे के निवासियों को बैरन द्वीप पर एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी देखने और 31 दिसंबर, को MV स्वराज द्वीप पर नए साल की पूर्व संध्या मनाने की सुविधा के लिए, निदेशालय ने MV नालंदा का एक विशेष यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया है। MV नालंदा कल सुबह ग्यारह बजे श्री विजयपुरम से कैम्पबेल बे जाएगा और इसकी वापसी उनतीस दिसम्बर को रात्रि नौ बजे कार निकोबार से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम के लिए होगी। अगली यात्रा में यह जहाज तीन जनवरी को शाम चार बजे श्री विजयपुरम से कार निकोबार और ननकौड़ी होते हुए कैम्पबेल बे जाएगा, और इसकी वापसी यात्रा पांच जनवरी को सुबह नौ बजे होगी। यात्रा के लिए यात्री टिकट ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं, टिकट सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक STARS टिकटिंग काउंटर से भी बुक किए जा सकते हैं

<><><><><><><>

खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की तीन सौ उनसठवीं जयंती आज पटना साहिब में तख्त श्री हरमंदिर साहिब, अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब और

पूरे पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में मनाई जा रही है। अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब सहित देश–विदेश में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह की माताजी और उनके साहिबजादों की शहादत को भी याद किया जा रहा है

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार द्वीप बैडमिंटन एसोसिएशन 03 और 04 जनवरी, 2026 को श्री विजया पुरम में स्टेट बैडमिंटन रैंकिंग चैंपियनशिप आयोजित करने जा रहा है। चैंपियनशिप विभिन्न वर्गों में आयोजित की जाएगी  सीनियर, जूनियर अन्डर–19, जूनियर अन्डर–17, अन्डर–15 सब–जूनियर, और सब–जूनियर अन्डर–13। सिंगल्स इवेंट के विजेता और उपविजेता टीम को चार हजार और दो हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। डबल्स इवेंट में, हर वर्ग में विजेताओं के लिए पांच हजार और उपविजेता के लिए दो हजार पांच सौ रुपय का नकद पुरस्कार रखा गया है। हर आयु वर्ग में सिंगल्स के लिए कम से कम 10 प्रतिभागी और डबल्स के लिए 6 टीमों का होना अनिवार्य है। इच्छुक बैडमिंटन खिलाड़ियों से कहा गया है कि वे गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना पंजीकरण 2 जनवरी या उससे पहले करवां ले। अधिक जानकारी के लिए, स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन, नेताजी स्टेडियम से संपर्क करें।

<><><><><><><>

प्रजापति ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केन्द्र की ओर से कल कोलीनपुर के सामुदायिक हॉल में शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक बारह ज्योतिर्लिंगों के दर्शन पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों–रामेश्वरम, सोमनाथ, केदारनाथ आदि की प्रतिकृतियाँ प्रदर्शित की जाएंगी।

<><><><><><><>

इंडियन कोस्ट गार्ड यूनिट द्वारा ब्रिचगंज स्थित बैफल रेंज में उनतीस दिसंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से पांच बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा।

उधर, अंडमान निकोबार पुलिस के पच्हत्तरवें बैच के रिक्रूट कांस्टेबल की फायरिंग अभ्यास इकतीस दिसम्बर को सुबह साढ़े पांच से शाम चार बजे तक पुलिस फायरिंग रेंज, बर्ड लाइन, प्रोथरापुर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान सभी संबंधित लोगों से कहा गया है कि वे खुद को और अपने वाहन तथा मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखें

**<><><><><><><>**

कन्यापुरम ग्राम सभा की बाईस दिसम्बर की स्थागित हुई बैठक अब उनतीस दिसम्बर को सुबह दस बजे आयोजित होगी। बैठक मॉडल ग्राम के सामुदायिक हॉल में रखा गया है।

**<><><><><><><>**